जल शक्ति मंत्रालय की सचिव की अध्यक्षता में केन बेतवा लिंक की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा

## पन्ना टाइगर रिजर्व के लैंड स्केप प्लान की प्रगति की भी समीक्षा की

भास्कर संवाददाता | छतरपुर

केन बेतवा लिंक परियोजना की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को खजुराहो के निजी होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जल शक्ति मंत्रालय के सचिव देबाश्री मुखर्जी ने की। बैठक में परियोजना के तहत ढोड़न गांव के बनने वाले डेम के लिए शेष जमीन का अधिग्रहण पूरा करने और लिंक नहर के लिए तेजी से भू अधिग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना की निगरानी के लिए भारत सरकार की ओर से जल शक्ति मंत्रालय की सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में जल शक्ति मंत्रालय के साथ ही केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार, उप्र सरकार, मप्र सरकार और पन्ना टाइगर रिजर्व के साथ प्रोजेक्ट से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारी शामिल है। देबाश्री मुखर्जी ने बैठक में भूमि के अधिग्रहण को तेजी करने पर जोर दिया। सचिव ने के कहा कि डेम के निर्माण और विस्थापितों को बसाने के लिए जमीन का अधिग्रहण जल्द से जल्द पूरा करने की हिदायत दी। इसके साथ ही केन नदी से बेतवा नदी तक लिंक केनाल के लिए जमीन का अधिग्रहण शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट से जुड़ी सभी एजेंसियां और विभाग एक यूनिट की तरह काम करें।

सचिव ने केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण भोपाल के अधिकारियों से बांध निर्माण के लिए शुरू हुई टेंडर प्रक्रिया की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण एवं जैव विविधता के हितों की रक्षा पर जोर दिया। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह, संयुक्त सचिव भारत सरकार सुबोध यादव, छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर, पन्ना कलेक्टर हरजिंदर सिंह, मप्र आर्ट उप्र के जल संसाधन विभागों के अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौजूद रहे।

## पीटीआर : लैंड स्केप प्लान लागू किया जाए

सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पन्ना टाइगर रिजर्व जाकर पीटीआर के अधिकारियों के साथ बैठक की। ढोड़न बांध से पन्ना टाइगर रिजर्व को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पीटीआर लैंड स्केप प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान को लागू करने के लिए केन बेतवा लिंक प्राधिकरण की ओर से बजट का आवंटन किया जाना है। सचिव ने प्लान के तहत 2029 तक चलने वाले वन संरक्षण के कामों को शुरू करने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पीटीआर की जैव विविधिता के संरक्षण के लिए जरूरी कार्यों को जारी रखने की हिदायत दी।

nwda.gov.in